समय से पहले पूरा हो जाएगा मेट्रो 3 का काम!

दो साल में 55 में से 38.25 किलोमीटर टनल बनकर तैयार

■ वसं, मुंबईः मेट्रो 3 के लिए 55 किलोमीटर लंबा टनल बनाया जा रहा है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MMRCL) ने इसे पूरा करने के लिए 5 साल का लक्ष्य रखा था, लेकिन 2 साल में ही इसका तीन चौथाई हिस्सा पूरा कर लिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि 2022 से पहले टनल का काम पूरा कर लिया जाएगा। अक्टूबर 2017 में इसका काम शुरू किया गया था। मेट्रो 3 के कुल 55 किलोमीटर भूमिगत मार्ग में से 38.25 किलोमीटर तक मार्ग तैयार हो चुका है।

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच में बन रहे मेट्रो कॉरिडोर का काम सात पैकेज में चल रहा है। इनमें से पैकेज 7 का काम 97 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। MMRCL के परियोजना संचालक एसके गुप्ता के अनुसार, 12 दिसंबर तक पैकेज 7 का शत प्रतिशत काम पूरा हो जाएगा। मरोल नाके से आरे के बीच पैकेज 7 का काम चल रहा है। सीएसटी से ग्रांट रोड के बीच बन रहे पैकेज 2 का काम 86 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

मेट्रो कॉरिडोर के पूरे मार्ग पर अप और डाउन दिशा को मिला कर कुल 55 किलोमीटर लंबा भूमिगत मार्ग तैयार किया जा रहा है। पूरे मार्ग में कुल 32 सुरंगें तैयार होनी हैं, जिनमें से 23 सुरंगों की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है। गुप्ता के अनुसार, अगले साल बची हुईं 9 सुरंगों का भी काम पूरा कर लिया जाएगा।

तकनीक से आसान काम

MMRCL की प्रबंधक निदेशक अश्विनी भिडे के अनुसार, मुंबई की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए टनलिंग का काम काफी चुनौती भरा था। तकनीक की सहायता से टनल तैयार करने में सफलता मिली है। दो साल में टनलिंग का 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

2.61 लाख मेट्रिक टन प्रदूषण कम

MMRCL ने 2022 से पहले कॉरिडोर का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अश्विनी के अनुसार, मेट्रो 3 के शुरू होने के बाद हर साल करीब 2.61 लाख मेट्रिक टन प्रदूषण कम होगा। कोलाबा से सीप्ज के बीच सफर करने वाले करीब 6.5 लाख यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करेंगे।

पैकेज	मार्ग	काम पूरा (प्रतिशत)
पैकेज 1	कफ परेड से हुतात्मा चौक	58
पैकेज 2	सीएसटी से ग्रांट रोड	86
पैकेज 3	मुंबई सेंट्रल से वर्ली	38
पैकेज 4	सिद्धि विनायक से शीतलादेवी	74
पैकेज 5	धारावी से सांताक्रुज	74
पैकेज 6	डोमेस्टिक एयरपोर्ट से इंटनैशनल एयरपोर्ट	60
पैकेज 7	मरोल नाका से आरे	97